राजस्थान राज्य कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज प्रतियोगिता में लिया भाग

अंतर विश्व विद्यालयीन ब्रिज प्रतियोगिता की तैयारियां जारी

चित्तौड़गढ़, 4 फरवरी (कासं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने राजस्थान कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज संघ के तत्वधान में आयोजित राजस्थान राज्य कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज प्रतियोगिता में भाग लिया।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में युवा प्रतियोगियों के रूप में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया के मार्गदर्शन में भाग लिया। डॉ. गदिया ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 11 से 15 मार्च तक अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में प्रथम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन छात्र छात्रा ब्रिज प्रतियोगिता का आयोजन भी मेवाड़ विश्वविद्यालय में किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग लेगी। विश्वविद्यालयों के युवाओं में इस खेल के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए भारतीय ब्रिज परिषद और मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रतियोगियों को उनके विश्वविद्यालय से मेवाड़ विश्वविद्यालय तक यात्रा किराया भी दिया जाएगा।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेल निदेशक प्रो. डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विश्व विश्वविद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता के लिए देश की टीम का चयन भी किया जाएगा, जो अंतराष्ट्रीय स्तर देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

मेवाड़ विश्वविद्यालय ने राज्य कांन्ट्रेक्ट ब्रिज प्रतियोगिता में लिया भाग

प्रथम अखिल भारतीय अंतविश्वद्यालयीन ब्रिज प्रतियोगिता की तैयारियां भी जोरो पर

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने राजस्थान कांन्टेक्ट ब्रिज संघ के तत्वधान में राजस्थान राज्य कांन्ट्रेक्ट ब्रिज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर ब्रिज संघ द्वारा किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय था, जिसके छात्र - छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में युवा प्रतियोगियों के रूप में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया के मार्ग दर्शन में भाग लिया । डॉं. गदिया ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 11 से 15 मार्च तक अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में प्रथम अखिल भारतीय अंतर्विश्वद्धयालयीन छात्र-छात्रा ब्रिज प्रतियोगिता का आयोजन भी मेवाड़ विश्वविद्यालय में किया जा रहा हैं ।

चित्तौड़गढ़। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे। विश्वविद्यालयों के युवाओं में इस खेल के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए भारतीय ब्रिज परिषद और मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रतियोगियों को उनके विश्वविद्धयालय से मेवाड़ विश्वविद्यालय तक यात्रा किराया भी दिया जाएगा।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेल निदेशक प्रो. (डॉ.) अमरेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विश्वविश्वविद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता के लिए देश की टीम का चयन भी किया जाएगा, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेगी।